**बिहार सरकार**
**खान एवं भूतत्व विभाग**

सं0सं0–प्र0–IV-PMU-01/2025–...................../एम0, पटना, दिनांक–..........

**Email**

प्रेषक,

भारत भूषण प्रसाद,
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

The Chief Executive Officer (CEO),
National Institute for Smart Government 5th Floor,
Mahindra Tower, Plot No: 2A,
Bhikaji Cama Place New Delhi,
India –110066, Email-sunil.kalra@nisg.org

विषयः– परामर्शदातृ पी०एम०यू० के रूप में एन०आई०एस०जी० (नेशनल इंस्टीच्यूट फॉर स्मार्ट गवर्मेंट) की सेवा लिये जाने के संबंध में।

प्रसंगः– विभागीय अधिसूचना संख्या–5565, दिनांक–04.10.2025 एवं आपका ईमेल दिनांक–07.08.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषयक संबंध में निदेशानुसार कहना है कि आपके ईमेल दिनांक–07.08.2025 से प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में खान एवं भूतत्व विभाग की अधिसूचना संख्या–5565, दिनांक–04.10.2025 द्वारा टेक्नोलॉजी रोडमैप एवं अवसंरचना तैयार करने, अत्याधुनिक आई०टी० सेवा एवं प्रबंधन आदि के लिए योग्य परामर्शदातृ संस्था की सेवा की आवश्यकता को देखते हुए खान एवं भूतत्व विभाग में परामर्शदातृ प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट के रूप में एन०आई०एस०जी० (नेशनल इंस्टीच्यूट फॉर स्मार्ट गवर्मेंट) की सेवा लिये जाने की स्वीकृति दी गयी है। एन०आई०एस०जी० को एडवाइजरी प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट (पी०एम०यू०) की सेवा हेतु 02 (दो) वर्षों के लिए कुल ₹2,79,51,000/– (रूपये दो करोड़ उन्यासी लाख इक्यावन हजार मात्र) एवं जी०एस०टी० शुल्क का भुगतान किया जाएगा।

उपरोक्त स्वीकृति के आलोक में खान एवं भूतत्व विभाग अन्तर्गत एडवाजरी पी0एम0यू0 के रूप में एन०आई०एस०जी० (नेशनल इंस्टीच्यूट फॉर स्मार्ट गवर्मेंट) की सेवा लिये जाने के संबंध में कार्यादेश निर्गत किया जाता है। एन०आई०एस०जी० (नेशनल इंस्टीच्यूट फॉर स्मार्ट गवर्मेंट) द्वारा विभाग के लिए किये जाने वाले कार्यों का स्वरूप मुख्यतः निम्न प्रकार है :–

i. **वर्तमान माइनिंग पारिस्थितिकी तंत्र का मूल्यांकन** – बिहार में वर्तमान खनन पारिस्थितिकी तंत्र, रेगुलेटरी फ्रेमवर्क, संचालन आधारित प्रथाओं, निगरानी तंत्र और संस्थागत प्रक्रियाओं का व्यापक अध्ययन करना। सतत् खनिज विकास के लिए खनन अभ्यास एवं IT प्रणाली से सम्बंधित सुधारात्मक सुझाव प्रदान करना।

ii. **आई0टी0 एवं ई–गवर्नेंस का समीक्षात्मक अध्ययन** – खान एवं भूतत्व विभाग द्वारा लागू वर्तमान आई0टी0 सिस्टम एवं डिजिटल प्लेटफार्मों का मूल्यांकन। ई–सेवाएं, ई0टी0पी0, IMSS, MAMS, DMF मॉनिटरिंग एवं अन्य डिजिटल इंटरवेन्शन के कार्यान्वयन का विश्लेषण।

P.T.O.

D 2025

iii. **मूल्यांकन, बेन्चमार्किंग एवं उत्तम प्रथाओं का अध्ययन** – खनन एवं आई0टी0 सेक्टर में अंतरराज्यीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर के श्रेष्ठ व्यवहारों के अध्ययन के उपरांत बिहार राज्य की परिस्थिति के अनुसार व्यवहार्यता का विश्लेषण।

iv. **भविष्य की रणनीतिक रूपरेखा विकास** – खान एवं भूतत्व विभाग के लिए समग्र, रणनीतिक रोडमैप तैयार करना, जिसमें संस्थागत सशक्तिकरण, सतत खनन प्रथाएं, नियामकीय सुधार, सामाजिक–पर्यावरणीय सावधानियाँ, डिजिटल परिवर्तन और कार्यान्वयन के चरणबद्ध पहलू सम्मिलित होंगे।

v. **डिजिटल परिवर्तन एवं कार्यान्वयन योजना** – मौजूदा IT प्लेटफार्मों का आधुनिकीकरण, AI आधारित निगरानी, Blockchain for Mineral Traceability, Real-Time Monitoring Dashboards आदि तकनीकों को अपनाना। डेटा–आधारित निर्णय–निर्माण प्रक्रियाओं का विकास। हितधारकों के लिए समेकित और सहज डिजिटल सेवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करना।

vi. **बिड एवं RFP प्रक्रिया संबंधी कार्य** – आवश्यकतानुसार, सिस्टम इंटीग्रेटर्स, IT वेंडर्स तथा सेवा प्रदाताओं के चयन हेतु अनुरोध–प्रस्ताव दस्तावेज (RFP) तैयार करने में सहायता। बिड प्रक्रिया के प्रबंधन में परामर्श, मूल्यांकन, तकनीकी एवं व्यावसायिक आंकलन में सहायता। हितधारक समन्वय के माध्यम से उत्तरदायी, निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करना।

vii. **प्रोग्राम प्रबंधन एवं निगरानी सहायता** – चयनित सेवा प्रदाता (वेन्डर) की परियोजना प्रगति के दौरान गुणवत्ता मानकों, समय सीमा और डिलिवरेबल्स की निगरानी। नियमित रिपोर्टिंग एवं रिस्क प्रबंधन तंत्र की स्थापना।

viii. **परिवर्तन प्रबंधन एवं क्षमता विकास** – संगठनात्मक परिवर्तन का प्रबंधन, कार्यशालाओं का संचालन तथा विभाग के Capacity Building Programs, कार्यबल का प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार करना।

ix. **सतत् समन्वय एवं अतिरिक्त असाइनमेंट** – विभाग के सतत् आवश्यकता अनुसार किसी भी अतिरिक्त कार्य या assignment को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पूरा करना।

x. पी0एम0यू0 संचालन के लिए Senior Consultant (Mining), Consultant (IT) एवं Junior Consultant (PMO) की सेवा उपलब्ध कराना।

एन०आई०एस०जी० (नेशनल इंस्टीच्यूट फॉर स्मार्ट गवर्मेंट) द्वारा कार्यादेश के बिन्दुओं पर अविलम्ब सहमति विभाग को समर्पित किया जाना अपेक्षित है। अन्य विस्तृत शर्त्तें एकरारनामा में सन्निहित होंगी एवं एकरारनामा के हस्ताक्षर होने के पश्चात कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

विश्वासभाजन
ह0/–
सरकार के अपर सचिव

P.T.O.

D 2025

ज्ञापांक–.....5566...../एम0, पटना, दिनांक–.....04/10/25.....

प्रतिलिपिः– माननीय उप मुख्य (खान एवं भूतत्व) मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव/निदेशक कोषांग/आई0टी0 मैनेजर, खान एवं भूतत्व विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

04/10/25

सरकार के अपर सचिव

D 2025